तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 9 डिग्री

# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 18 जनवरी 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 यातायात में सबसे बड़ा जीवनदाता है सावधानी- रवि




## खबर संक्षेप

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 20 को

**अनूपपुर।** जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक मंगलवार 20 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे जिला पंचायत सभागार अनूपपुर में आयोजित की गई है। उक्ताशय की जानकारी जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने दी है। उन्होंने सर्व संबंधितों से नियत दिनांक को निर्धारित स्थान व समय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

### अब तक 10 लाख से अधिक धान का उपार्जन

**अनूपपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते ने जानकारी दी है कि जिले में 34 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में 16 जनवरी तक 18980 किसानों से 10 लाख 24 हजार 466 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है। धान की खरीदी 20 जनवरी तक की जाएगी।

### सोनहत में किसान सेवा समिति का गठन 25 को

**सोनहत।** जिले के विकासखंड सोनहत में आगामी 25 जनवरी को विभिन्न ग्रामों के किसानों द्वारा किसान सेवा समिति का गठन किया जाएगा। किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय से किसान अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। विभागीय स्तर पर योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन नहीं होने के कारण कई किसान शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। किसानों ने बताया कि विकासखंड स्तर पर किसानों को समग्र किसान योजनाओं का समय पर लाभ दिलाने तथा किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से किसान सेवा समिति का गठन किया जा रहा है। समिति के माध्यम से किसानों की समस्याओं को संगठित रूप से संबंधित विभागों के समक्ष रखा जाएगा। इस अवसर पर बैठक में विकासखंड के समस्त किसानों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है, ताकि अधिक से अधिक किसान समिति के गठन में सहभागिता कर सकें।

### प्राक्चयन परीक्षा की मेरिट सूची जारी

**बैकुण्ठपुर।** राजीव युवा उत्थान योजना नियामावली वर्ष 2019 के भाग (।) अंतर्गत राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थी जो नई दिल्ली स्थित विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं से वर्ष 2025-26 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने हेतु इच्छुक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया। जिसकी प्राक्चयन परीक्षा 28 दिसंबर 2025 को आयोजित किया गया था। मेरिट सूची के आधार पर दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किये जाने वाले वर्गवार अभ्यर्थियों की सूची एवं कार्यक्रम विवरण सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरिया से अथवा कलेक्टर जिला-कोरिया के वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है। दस्तावेज सत्यापन के लिए संबंधित अभ्यर्थी आवश्यक मूल अभिलेख सहित निर्धारित तिथि एवं समय में इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर स्थित मीटिंग हॉल क्र-04 में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### आवेदन की अंतिम तिथि 28 तक

**अनूपपुर।** श्रम पदाधिकारी अनुव्रत देव द्विवेदी ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत मजदूरों के बच्चों को शिक्षा की बेहतर सुविधा देने के लिए श्रमोदय आवासीय विद्यालय संचालित हैं। श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 से 9 तक में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 जनवरी से बढ़ाकर 28 जनवरी कर दी गई है। इसके लिए पंजीकृत मजदूरों के बच्चे पात्र होंगे।

**पोड़ी बचरा तहसील का मामला** | गोदाम से 105 बोरी धान हुई थी जब्त, मौके पर तैयार किया गया पंचनामा

# जब्त धान गायब: सुपुर्दगी लेने वाले पर दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैकुंठपुर

जिले के पोड़ी-बचरा तहसील में जब्त किए गए धान के गायब होने का मामला सामने आया है। नायब तहसीलदार पोंड़ी (बचरा) द्वारा इस गंभीर प्रकरण में पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र प्रेषित किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बचरा निवासी राकेश कुमार चक्रधारी के दुकान के बगल में स्थित गोदाम में रखे 105 बोरी धान को 4 दिसंबर 2025 को प्रशासन द्वारा जब्त किया गया था। जब्त धान को नियमानुसार गीता प्रजापति पति राकेश कुमार चक्रधारी के सुपुर्द किया गया था। 9 जनवरी 2026 को प्रशासन द्वारा किए गए औचक भौतिक सत्यापन के दौरान गोदाम में जब्त किया गया धान मौके पर नहीं मिला।



कार्रवाई के दौरान जब्त धान

सुपुर्दगी प्राप्तकर्ता से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने बात करने से इनकार कर दिया। इसके पश्चात मौके पर पंचनामा तैयार किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार पोंड़ी (बचरा) ने चौकी प्रभारी पोंड़ी (बचरा) को गोदाम मालिक एवं धान के सुपुर्दगी प्राप्तकर्ता के विरूद्ध संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के लिए पत्र प्रेषित किया है।

### धान खरीदी में लापरवाही : इंचार्ज सस्पेंड

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान गंभीर लापरवाही पाए जाने पर प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. पटना, पंजीयन क्रमांक 540 के धान उपार्जन केन्द्र में अनियमितताओं के चलते धान खरीदी प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहकारिता एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 15 जनवरी को उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान छग शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी धान खरीदी नीति के विपरीत कार्य किए जाने की पुष्टि हुई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई। निलंबन के साथ ही धान खरीदी कार्य की जिम्मेदारी श्रीमती रेखा जायसवाल लिपिक को सौंपी गई है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल समस्त प्रभार ग्रहण कर धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपादित करें। निलंबन अवधि के दौरान नरेन्द्र कुमार शर्मा का मुख्यालय कार्यालय सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं कोरिया निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी में पारदर्शिता और किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा भविष्य में भी अनियमितताओं पर कार्रवाई जारी रहेगी।

**नशे में विवाद:** आरोपी गिरफ्तार, पटना पुलिस ने की कार्रवाई

# वाहन से कुचलकर नाबालिग की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैकुंठपुर

जन्मदिन मनाने के दौरान शराब पीने और परिजन को फोन किए जाने की बात को लेकर हुए विवाद में एक नाबालिग बालक की टाटा सूमो वाहन से कुचलकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



गिरफ्तार आरोपी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को मृतक रितेश कुमार सिंह अपने दोस्तों विद्या चंद्र साहू, प्रीतपाल विश्वकर्मा, सतीश विश्वकर्मा एवं अन्य के साथ आरोपी की टाटा सूमो गोल्ड वाहन से झुमका डेम पिकनिक मनाने गया था। वहां चिकन-मटन एवं शराब का सेवन किया गया। शाम को घर लौटते समय आरोपी वाहन लेकर पटना स्थित अंग्रेजी शराब दुकान गया, इसी दौरान आरोपी के मोबाइल पर उसके पिता का फोन आया। फोन पर मृतक द्वारा यह बताए जाने से कि वे पटना पहुंचे हैं, आरोपी विद्या चंद्र साहू उत्तेजित हो गया और मृतक के साथ गाली-गलौज व विवाद करने लगा। विवाद से आहत होकर मृतक रितेश कुमार सिंह राष्ट्रीय राजमार्ग से पैदल अपने घर की ओर जाने लगा। इसी दौरान रनई के पास आरोपी ने अपने साथियों के मना करने के बावजूद हत्या की नीयत से टाटा सूमो गोल्ड वाहन को सड़क के बाएं ओर दबाकर मृतक को ठोकर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी वाहन सहित फरार हो गया। मृतक को उसके मित्रों द्वारा तत्काल पटना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में थाना पटना में मर्ग क्रमांक 02/26 धारा 194 बीएनएस के तहत पंचनामा कार्रवाई की गई।



हत्या में प्रयुक्त वाहन जब्त।

### जांच के बाद हत्या का अपराध दर्ज

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू को त्वरित एवं बिंदुवार जांच कर साक्ष्य संकलन के निर्देश दिए। प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान, घटनास्थल निरीक्षण एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर प्रथम दृष्टया अपराध सिद्ध पाए जाने पर थाना पटना में 12 जनवरी को अपराध क्रमांक 15/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विद्या चंद्र साहू उर्फ विनय साहू पिता हरिओम साहू उम्र 18 वर्ष 7 माह निवासी तेजपुर स्कूल पारा थाना रामानुजनगर जिला सूरजपुर को 17 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की आगे की विवेचना जारी है।

### श्री रामचरित मानस गायन प्रतियोगिता

**चरचा कॉलरी।** जिले के ग्राम पंचायत खरवत के जमनीपारा स्थित सरस्वती पुत्र बालिका मंडली ने श्री रामचरितमानस गायन वादन प्रतियोगिता 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता का आयोजन दुर्गाधारा स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में किया गया, जिसमें जिलेभर से आई मानस मंडलियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सरस्वती पुत्र बालिका मंडली की बालिकाओं ने मधुर गायन, सटीक ताल-लय एवं भावपूर्ण प्रस्तुति से निर्णायक मंडल का मन मोह लिया और शीर्ष स्थान हासिल किया। बालिकाओं की इस शानदार उपलब्धि पर ग्राम पंचायत, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों ने बालिकाओं को बधाई दी है। आयोजक समिति द्वारा विजेता मंडली को सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। यह सफलता बालिकाओं की मेहनत, अनुशासन एवं गुरूजन के मार्गदर्शन का परिणाम मानी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी और धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं को नई दिशा देगी। मंडली की बालिकाओं ने बताया कि उन्होंने कई महीनों तक नियमित अभ्यास कर प्रतियोगिता की तैयारी की थी।

# 3 को कलेक्टर कार्यालय घेराव राष्ट्रपति के नाम सौंपेंगे ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पटना

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत शनिवार को पटना साप्ताहिक बाजार में आयोजित आमसभा में भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई गई। काफी संख्या में जुटे ग्रामीणों, किसानों, श्रमिकों और युवाओं के बीच यह बात प्रमुखता से रखी गई कि भाजपा सरकार की नीतियां गरीब, किसान और मेहनतकश वर्ग के खिलाफ लगातार हमलावर होती जा रही हैं।

■ पटना साप्ताहिक बाजार में कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम

आमसभा में जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मनरेगा कोई साधारण योजना नहीं, बल्कि देश के गरीब नागरिकों को मिला काम का संवैधानिक अधिकार है। भाजपा सरकार नए कानूनों और बजट कटौती के जरिए इस अधिकार को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मनरेगा को अधिकार आधारित कानून से हटाकर प्रशासनिक योजना में बदला जा रहा है, जिससे ग्रामीण मजदूरों की आजीविका संकट में है। इसी के विरोध में 3 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने की घोषणा की गई। कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने किसानों की स्थिति पर भी गंभीर चिंता जताई गई। बताया गया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में किसान धान बेचने के लिए भटकने को मजबूर हैं। समर्थन मूल्य पर खरीदी और भुगतान व्यवस्था कमजोर ▸▸ शेष पेज 4 पर

# बालम पहाड़ से लौटते समय हादसा, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैकुंठपुर

बालम पहाड़ घूमकर लौटते समय शनिवार की शाम करीब 5 बजे हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान युवराज केवट उम्र 25 वर्ष पिता अनिल केवट निवासी मनेन्द्रगढ़ अमाखेरवा के रूप में हुई है। हादसे में उसका भाई अभिषेक केवट उम्र 26 वर्ष पिता अनिल केवट निवासी अमाखेरवा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं पुलिस द्वारा मामले की सूचना लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। हादसे के कारणों की जांच जारी है।



### कलेक्टर सभा कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा तथा जिला महिला बाल विकास अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में जिले में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्टर सभा कक्ष में किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जिले में गठित स्थानीय शिकायत समिति और विभिन्न शासकीय व निजी कार्यालयों में गठित आंतरिक शिकायत समितियों के अध्यक्ष/सदस्यों को उन्मुख करना था। प्रशिक्षण में महिला बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा, नवा बिहान, महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती नीता पाण्डेय, जेंडर विशेषज्ञ सुश्री शैलजा गुप्ता, केन्द्र प्रशासक सखी वन-स्टॉप श्रीमती प्रियंका राजवाड़े एवं स्थानीय शिकायत समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# वन कर्मचारी संघ ने भर्ती नियम संशोधन प्रस्ताव पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैकुंठपुर

छग वन कर्मचारी संघ ने विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए वनक्षेत्रपाल के 5 प्रतिशत पदों को विज्ञान स्नातक कर्मचारियों से विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरने संबंधी सेवा भर्ती नियम में संशोधन का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है जो कि स्वीकृत पदो के साथ अन्याय किया जा रहा है।

सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी को संविदा भर्ती के माध्यम से पदस्थापना का हमेशा संघ द्वारा विरोध करते आ रहा है, परंतु प्रधान मुख्य वनसंरक्षक के द्वारा अपने चहेते सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी को संविदा भर्ती के माध्यम से पदस्थापना कर शासन के राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। जिससे अधिकारी-कर्मचारी की पदोन्नति प्रभावित हो रही है एवं संविदा अधिकारी के द्वारा कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव पूर्वक कार्य संपादित कराया जाता है। विभाग में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों जिनमें वाहन चालक एवं प्यून/चौकीदार जिनको वर्दी धारण करने की पात्रता नहीं है, उनको प्रधान मुख्य वनसंरक्षक एवं वन बल प्रमुख के द्वारा निर्धारित वर्दी धारण करा कर कार्य संपादित करा रहे, जो कि नियम विरूद्ध है एवं मुख्यालय में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारी के द्वारा कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने के संबंध में अवगत कराने के उपरांत प्रधान मुख्य वनसंरक्षक के द्वारा इस संबंध में आज तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है सिर्फ दमन की नीति चलाया जा रहा है।

■ भय के वातावरण में अधिकारी-कर्मचारी संपादित कर रहे काम

छग शासन के आदेशानुसार वर्दीधारी बल के स्थानांतरण/ पदस्थापना नहीं करने का स्पष्ट आदेश जारी करने के बाद भी एवं स्थानांतरण नीति के नियम को ताक में रखकर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक एवं वन बल प्रमुख के द्वारा नियम विरूद्ध कार्य आवंटन के नाम पर अधिकारी एवं कर्मचारी का स्थानांतरण /पदस्थापना/ संलग्नीकरण किया जा रहा है एवं क्षेत्रीय अधिकारी मुख्य वनसंरक्षक एवं वनमंडलाधिकारी को मौखिक एवं लिखित रूप से आदेश देकर पदस्थापना करने के लिए निर्देशित किया गया है।

उक्त आदेश/निर्देश में वरिष्ठ अधिकारी/कर्मचारी को हटाकर कनिष्ठ कमचारी को प्रभार देने के लिए दबाव पूर्वक क्षेत्रीय अधिकारी को निर्देशित कर पदस्थापना आदेश जारी कराया जा रहा है जो नियम विरूद्ध है। जिससे प्रदेश कर्मचारी अधिकारी में भय के वातावरण में अपना कार्य संपादित कर रहे हैं। छग वन कर्मचारी संघ प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख के तानाशही रवैया का कड़ा विरोध करता है, उनके ताशाही रवैए के संबंध में विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**समग्र शिक्षक एवं सहायक शिक्षक फेडरेशन का आंदोलन**

# मांगों को लेकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैकुंठपुर

समग्र शिक्षक एवं सहायक शिक्षक फेडरेशन के आह्वान पर शनिवार को स्थानीय प्रेमाबाग में एक दिवसीय हड़ताल एवं धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह आंदोलन प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में एक साथ संपन्न हुआ।

फेडरेशन ने शासन पर चुनाव पूर्व किए गए वादों, विशेषकर मोदी की गारंटी को लागू न करने का गंभीर आरोप लगाया। फेडरेशन के अनुसार चुनावी घोषणा पत्र में वेतन विसंगति दूर करने एवं क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने का वादा किया गया था, जिसे अब तक पूरा नहीं किया गया है। हड़ताल का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ। मंच संचालन सुरेश एक्का ने किया, जिन्होंने शिक्षकों को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष विश्वास भगत ने कहा कि शिक्षक वर्षों से ठगे जा रहे हैं। संविलियन वर्ष 2018 में किया गया, लेकिन उससे पूर्व की लगभग 25 वर्षों की सेवा को शून्य मान लिया गया, जिससे शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान एवं पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि संविलियन पूर्व एवं पश्चात शिक्षक शासन द्वारा ▸▸ शेष पेज 4 पर



### शिक्षकों की हड़ताल से विद्यालयों में लटके ताले

**सोनहत।** छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय निकाय के आह्वान पर फेडरेशन की जिला कोरिया कार्यकारिणी तथा सोनहत एवं बैकुंठपुर ब्लॉक कार्यकारिणी के संयुक्त नेतृत्व में 17 जनवरी को जिलेभर के शिक्षकों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यालयों में ताला लगाकर जिला मुख्यालय स्थित प्रेमाबाग धरना स्थल पर एकत्र होकर शासन के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन किया। फेडरेशन ने मोदी की गारंटी के अंतर्गत अपनी चार सूत्रीय जायज मांगों को लेकर यह हड़ताल की। प्रमुख मांगों में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त लाभ प्रदान करना, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करना तथा शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति हेतु निजी मोबाइल से इंस्टॉल करने की बाध्यता को खत्म करना शामिल है। धरना-प्रदर्शन में कोरिया जिले के जिलाध्यक्ष विश्वास भगत, संयोजक रवि पाण्डेय, सोनहत ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश मारिक, महेन्द्र राजवाड़े, प्रदीप साहू, बैकुंठपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश एक्का,जितेन्द्र सिंह पैकरा, दीपक तिर्की, नय्यर अंसारी सहित काफी संख्या शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षकों ने शासन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।



### 1.43 लाख क्विंटल से अधिक धान का परिवहन

**मनेन्द्रगढ़।** धान खरीदी वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिला एमसीबी में अब तक कुल 6.77 लाख क्विंटल से अधिक धान का उपार्जन किया जा चुका है, जिसमें से अब तक 1 लाख 43 हजार क्विंटल से अधिक धान का सफल उठाव पूर्ण किया जा चुका है, जो कुल उपार्जित मात्रा का लगभग 21.19 प्रतिशत है। वर्तमान स्थिति में उपार्जन केन्द्रों में 5 लाख 34 हजार 239.40 क्विंटल धान शेष है, जिसके उठाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा चरणबद्ध और सुनियोजित कार्ययोजना के तहत सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा शेष धान का उठाव भी शीघ्र गति से सुनिश्चित किया जाएगा। केन्द्रवार उठाव की स्थिति पर नजर डालें तो कछोड़, केल्हारी, कटकोना, कोड़ा, कौड़ीमार, खड़गवां, बरदर, चैनपुर, रतनपुर, कुंवारपुर, घुटरा, कठौतिया, नागपुर, बंजी, जनकपुर, डोडकी, बरबसपुर और माड़ीसरई जैसे उपार्जन केन्द्रों में हजारों क्विंटल धान का सफल परिवहन किया जा चुका है। वहीं कमर्जी, कोटाडोल, रापा, सिंगहत, कंजिया, बहरासी और सिंगरौली उपार्जन केन्द्रों में फिलहाल उठाव शून्य है, लेकिन इन सभी केन्द्रों में परिवहन, भंडारण और तकनीकी व्यवस्थाएं पूरी तरह सुनिश्चित कर दी गई हैं और आने वाले दिनों में यहां भी धान उठाव की रफ्तार तेज की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### संगठनात्मक निर्णयों का स्वागत: विद्यात्री सिंहदेव



**भैयाथान।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्लॉक कांग्रेस ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए लिए गए निर्णयों का स्वागत करते हुए उन्हें कार्यकर्ताओं के सम्मान और संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम बताया। प्रेस वार्ता को को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से विद्यात्री सिंहदेव ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से लिए गए फैसले कांग्रेस की उस सोच को दर्शाते हैं, जिसमें कार्यकर्ताओं के समर्पण, संघर्ष और योगदान को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन और विश्वास से संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा और नया आत्मविश्वास मिला है, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। वक्ताओं ने कहा कि जिला नेतृत्व के निरंतर सहयोग, समन्वय और संगठनात्मक समर्थन से भैयाथान ब्लॉक में कांग्रेस संगठन लगातार मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रेस वार्ता में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई। कहा गया कि उनका मार्गदर्शन, जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और संगठन के प्रति निरंतर सहयोग भैयाथान ब्लॉक के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा और संबल का स्त्रोत रहा है। साथ ही भैयाथान ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह के योगदान को भी स्मरण करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने और कांग्रेस की विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश, जिला और वरिष्ठ नेतृत्व के संकल्प दोहराया कि पार्टी की विचारधारा के अनुरूप जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए गांव-गांव और बूथ-बूथ तक कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त किया जाएगा।

### अजिरमा हाई स्कूल में 21 छात्राओं को वितरित की गई साइकिल



**अम्बिकापुर।** शासकीय हाई स्कूल अजिरमा में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ठाकुर राजवाड़े शामिल हुए। इस दौरान विद्यालय की 21 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। गौरतलब है कि छात्राओं ने कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को अपनी समस्या बताते हुए अवगत कराया था कि उनका घर स्कूल से काफी दूर है। दूरी अधिक होने के कारण उन्हें पैदल स्कूल आने-जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता था, जिसका असर उनकी पढ़ाई और उपस्थिति पर पड़ रहा था। छात्राओं ने मंत्री से साइकिल उपलब्ध कराने की मांग की थी। छात्राओं की इस समस्या पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने त्वरित संज्ञान लिया और उनकी मांग पूरी की गई। मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े ने कहा कि मंत्री का प्रयास है कि किसी भी बेटी की पढ़ाई दूरी या संसाधनों की कमी की वजह से न रुके। छात्राओं ने दूरी की जो समस्या बताई थी, उसका आज समाधान कर दिया गया है। अब साइकिल मिलने से उनका समय बचेगा और वे सुरक्षित तथा समय पर स्कूल आ सकेंगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य, स्कूल स्टाफ, स्थानीय लोग और छात्राएं उपस्थित थीं।

### प्रदेश कांग्रेस सचिव रामदेव ने सुनी किसानों की समस्याएं



**वाड्रफनगर।** धान खरीदी केंद्र रामनगर में प्रदेश कांग्रेस सचिव रामदेव जगते ने हेल्प डेस्क लगाकर किसानों की समस्याएं सुनी। धान खरीदी केंद्र रामनगर में 1507 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से अब तक 678 किसान धान बेच पाए हैं वहीं 97 किसानों का एग्रीस्टैक कैरी फॉरवर्ड नहीं होने के कारण वे धान बिक्री से वंचित है। जबकि 127 वन अधिकार पत्रधारी किसानों का पंजीयन नहीं हुआ। किसानों ने बताया कि 1 जनवरी से समिति में टोकन कटना बंद है, जिससे किसान अपनी उपज नहीं बेच पा रहे हैं। कम्प्यूटर ऑपरेटर किसानों का डाटा स्वतः कम्प्यूटर से डिलीट हो जा रहा है। समस्याओं को लेकर श्री जगते ने तहसीलदार को फोन पर स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान जयप्रकाश जायसवाल, अंकित पटेल सहित किसानों की उपस्थिति में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

### बाइक भिड़ंत में गंभीर युवक की अस्पताल लाते समय हुई मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम घंघरी निवासी शुभम सिंह आ. शंगल राम (21 वर्ष) 14 जनवरी को तातापानी महोत्सव जाने की बात कहकर घर से निकला था। दूसरे दिन युवक गांव आ गया लेकिन घर नहीं गया। इसी बीच गांव में घूमने के दौरान गांव के मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने- सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी बाइक सवार शुभर के सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन युवक को तत्काल शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

भौतिक सत्यापन में मिला 15000 बोरी धान कम

# राजस्व विभाग की बड़ी कार्रवाई, धान की कालाबाजारी पर राइस मिल सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**
- कई जगह कई गई छापामारी, सैकड़ो बोरी धान जब्त

क्षेत्र में धान की अवैध खरीदी, भंडारण और कालाबाजारी के खिलाफ राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई सख्त कार्रवाई ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। लगातार दो दिनों तक चली इस कार्रवाई को क्षेत्र की अब तक की सबसे बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई माना जा रहा है। कार्रवाई के बाद कोचियों, राइस मिलरों और समितियों में अफरा-तफरी का माहौल है।

जानकारी के अनुसार चंदौरा स्थित प्रदीप जायसवाल एवं रामप्रकाश जायसवाल के घर पर राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रूप से भंडारित 500 बोरी धान जब्त कर मौके पर ही सील किया गया। वहीं ट्रैक्टर में लोड 130 बोरी धान को जब्त कर समिति प्रबंधक चंदौरा को सुपुर्द किया गया। इस प्रकार कुल 630 बोरी, लगभग 252 क्विंटल धान की जब्ती की गई। कार्रवाई में प्रतापपुर एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक तथा चंदौरा पुलिस शामिल रहे। प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई ने साफ संकेत दे दिया कि अवैध धान भंडारण किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा है। इसके बाद 15 जनवरी को राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने जेडी राइस मिल, शांति नगर प्रतापपुर का भौतिक सत्यापन किया। इस कार्रवाई में प्रतापपुर एसडीएम, नायब तहसीलदार प्रतापपुर, नायब तहसीलदार जरही एवं खाद्य निरीक्षक शामिल थे। जांच के दौरान राइस मिल परिसर में 2000 बोरी चावल और 550 बोरी धान पाया गया। वहीं कृषि उपज मंडी समिति के गोदाम में 3000 बोरी धान मौजूद मिला। जांच में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि ऑनलाइन स्टॉक से 15,643 बोरी धान कम पाया गया। इस गंभीर अनियमितता को देखते हुए प्रशासन ने कृषि उपज मंडी समिति गोदाम प्रतापपुर को सील कर दिया तथा भौतिक सत्यापन में पाए गए चावल और धान को जब्त कर लिया गया। इस खुलासे ने पूरे प्रतापपुर क्षेत्र में धान के गोरखधंधे की पोल खोल दी है।



जांच करते प्रशासनिक अधिकारी।

**कोचियों और राइस मिलरों में दहशत**

राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई से क्षेत्र के कोचियों और राइस मिलरों में दहशत का माहौल है। एक ओर जहां प्रशासन की सक्रियता की सराहना हो रही है, वहीं दूसरी ओर निष्पक्षता को लेकर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन वास्तव में धान की कालाबाजारी पर पूर्ण विराम लगाना चाहता है, तो सिर्फ एक-दो राइस मिलों तक सीमित न रहकर पूरे प्रतापपुर क्षेत्र की दुकानों, राइस मिलों और समितियों में एक साथ व्यापक छापामार कार्रवाई करनी चाहिए।

**अन्य स्थानों को किया जा रहा नजरअंदाज**

क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि एक राइस मिल में सख्ती दिखाकर अन्य स्थानों को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिसमें संदेह और गहराता है। लोगों का मानना है कि यदि सभी राइस मिलरों और धान समितियों का निष्पक्ष और भौतिक सत्यापन किया जाए, तो हजारों नहीं बल्कि लाखों क्विंटल धान की कालाबाजारी उजागर हो सकती है।



## अवैध धान परिवहन मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- राजस्व टीम पर हमले की कोशिश

अवैध धान परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राजस्व विभाग और पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार आरोपी को कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया गया, जिसने वाहन रोकने पर राजस्व टीम से विवाद और मारपीट की कोशिश की। आरोपी की गिरफ्तारी को अवैध धान कारोबार पर निर्णायक कार्रवाई माना जा रहा है।

जानकारी अनुसार 15 जनवरी 2026 को प्रातः राजस्व विभाग की टीम को 15 जनवरी को अवैध धान परिवहन की सूचना मिली। सूचना के आधार पर टीम पचावल से त्रिशुली की ओर रवाना हुई। इसी दौरान सुबह सनावल की ओर से एक बोलेरो वाहन और एक पिकअप वाहन आते हुए दिखाई दिए। धान की हेरा-फेरी की आशंका को लेकर राजस्व टीम द्वारा दोनों वाहनों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालकों ने वाहन रोकने के बजाय तेज गति से भागने का प्रयास किया। टीम द्वारा पीछा किया तो ग्राम त्रिशुली के पास पांगन नदी में दोनों वाहन फंस गए। इस दौरान पिकअप वाहन का चालक मौके से फरार हो गया, जबकि बोलेरो चालक को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए चालक ने राजस्व टीम के साथ वाद-विवाद किया और मारपीट पर उतारू हो गया। आरोपी ने वाहनों में लदे सामान के संबंध में स्पष्ट जानकारी देने से इनकार किया और गोलमोल जवाब देने लगा। उसने पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 1628 तथा बोलेरो क्रमांक सीजी 14 सी 0288 को थाने नहीं ले जाने देने की धमकी देते हुए हंगामा किया। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी अवैध धान परिवहन से जुड़े प्रकरणों में मोस्ट वांटेड था और राजस्व विभाग की टीम लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। आरोपी धनंजय गुप्ता (22 वर्ष) सोनभद्र का निवासी है। पुलिस के अनुसार, इसके विरुद्ध पूर्व में भी अवैध धान परिवहन से संबंधित मामलों में संलिप्तता की जानकारी सामने आई है। आरोपी के विरूद्ध धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया गया। साथ ही धारा 126 एवं 135(3) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

## मंत्री राजवाड़े ने छात्राओं को वितरित की साइकिल



- सरस्वती साइकिल योजना से बालिकाओं को शिक्षा का संबल

**अम्बिकापुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करवां एवं लटोरी में आयोजित कार्यक्रमों में सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिल वितरित की। करवां स्कूल में 44 तो वहीं लटोरी स्कूल में 102 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई है।

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे। ग्रामीण अंचलों में साइकिल उपलब्ध होने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी और ड्रॉपआउट की समस्या में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि सुशासन सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरस्वती साइकिल योजना बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रभावी पहल है। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने जन मन योजना के तहत फीता काट एंबुलेंस को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राज्य सरकार द्वारा पहाड़ी कोरवा जनजाति के लिए दी गई स्वास्थ्य सुविधा हेतु सर्व सुविधायुक्त एम्बुलेंस का फीता काटकर रवाना किया।

एंबुलेंस वाहन में एक डॉक्टर, एक लैब टेक्नीशियन, एक स्टाफ नर्स, एक कंपाउंडर सहित चलाक द्वारा प्रतिदिन पहाड़ी कोरवा जनजाति के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु उनके ग्राम पंचायत में जाकर उनका इलाज किया जाएगा। पहाड़ी कोरवा जनजाति आदिवासी सुदूर अंचल में रहने वाले पहाड़ी कोरवा जनजाति का इलाज के अभाव में स्वास्थ्य खराब न हो सके तथा समय पर उनका इलाज किया जा सके। गौरतलब है कि पहाड़ी कोरवा जनजाति आदिवासी सुदूर अंचल में निवास करने वाले कोरवा जनजाति के लोग इलाज कराने हेतु अस्पताल में कम आते है जिससे उनका तबियत खराब हो जाने पर इलाज के अभाव में उनकी मृत्यु तक हो जाती है और कई लोग गंभीर बीमारी से ग्रसित हो जाते है। पहाड़ी कोरवा परिवार को समय पर उपचार मिल सके इसे ध्यान में रखकर केंद्र की नरेंद्र मोदी एवं राज्य की विष्णु देव साय की भाजपा सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया कि जहां जहां जन मन ग्रामीण सड़क योजना में सड़क बन कर तैयार हो गई है। ऐसे सभी ग्राम पंचायतों में इस वाहन को प्रतिदिन एक एक ग्राम पंचायत में भेजा जाएगा। जहां पहाड़ी कोरवा जनजाति आदिवासी समुदाय के लोगों का सही ढंग से इलाज किया जा सकेगा। कुसमी विकासखंड अंतर्गत कुल 41 ग्राम पंचायत में जहां पहाड़ी कोरवा जनजाति निवास करते हैं वहां बारी बारी से यह वाहन जाकर इलाज हेतु सुविधा उपलब्ध कराते हुए उनका इलाज करेंगी। इस दौरान जिपं अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज,बीएमओ मिथलेश पैकरा, स्वास्थ्य विभाग के समस्त डॉक्टर, जपं अध्यक्ष बसंती भगत, नपं अध्यक्ष राजेंद्र भगत, नपं उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जपं उपाध्यक्ष अशोक सोनी, केदार प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मण सिंह पैकरा, राकेश भारती, विनोद गुप्ता, राजेश्वर यादव, अजय प्रताप सिंह, मो. शमीम, देव साय भगत, लल्लू यादव, अभय गुप्ता, बालों बाई सहित अन्य उपस्थित थे।



### मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत भुवनेश्वरपुर में कांग्रेसियों ने लगाया जन चौपाल

**रामानुजनगर।** भुवनेश्वरपुर ग्राम पंचायत में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल के माध्यम से भुवनेश्वरपुर के ग्रामीणों को मनरेगा योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा मजदूरों के अधिकार, मजदूरी भुगतान, कार्य की मांग और पारदर्शिता से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि मनरेगा ग्रामीणों की आजीविका से जुड़ी एक महत्वपूर्ण योजना है और इसे कमजोर करने के किसी भी प्रयास का कांग्रेस पार्टी विरोध करेगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी समस्या की जानकारी संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को देने की बात कही। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र साहू, ब्लॉक प्रभारी मेहंदी यादव, जनपद सदस्य हेमंत साहू, चंद्र दत्त दुबे, विजय साहू, सुपारी लाल राजवाड़े, समरथ प्रजापति, राजेंद्र साहू, राजाराम यादव, देवासाय सिंह सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## बलरामपुर समेत बंद पड़ी खदानों को पुनः शुरू कराने एचएमएस की क्रमिक भूख हड़ताल शुरू



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बंद पड़ी बलरामपुर और कुमदा खदानों को पुनः शुरू कराने की मांग अब अस्तित्व की लड़ाई बनती जा रही है, कई महीनों से बंद पड़ी इन खदानों के कारण क्षेत्र का औद्योगिक ढांचा भी धीरे-धीरे ठप्प होता जा रहा है, इसी के विरोध में एचएमएस संगठन ने आज शुक्रवार से क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के सामने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है,ज्ञात हो कि एचएमएस संगठन ने इससे पहले भी प्रबंधन को जगाने के लिए एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा था,उसके बाद गुरुवार को प्रबंधन के साथ हुई बैठक से श्रमिकों को उम्मीद जगी थी कि कोई ठोस निर्णय निकलेगा, लेकिन चर्चा के असफल होने से मजदूरों का भरोसा टूट गया।संगठन का कहना है कि बार-बार आश्वासन देने के बावजूद खदानें चालू करने को लेकर कोई स्पष्ट कार्ययोजना सामने नहीं आई, जिससे मजबूर होकर अब आंदोलन को तेज करना पड़ा।एचएमएस संगठन ने स्पष्ट ऐलान किया है कि यह क्रमिक भूख हड़ताल 23 जनवरी तक जारी रहेगी। यदि इसके बाद भी प्रबंधन की ओर से खदानें शुरू करने को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो संगठन द्वारा 23 जनवरी से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। क्रमिक भूख हड़ताल के पहले दिन रामभरोस, सुखदेव, रूप साय, उमेश और सुरेंद्र ने भूख हड़ताल पर बैठकर आंदोलन की अगुवाई की,धरना स्थल पर मौजूद अन्य श्रमिकों और संगठन पदाधिकारियों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए कहा कि यह लड़ाई जब तक खदानें चालू नहीं होंगी, तब तक थमेगा नहीं। संगठन नेताओं का कहना है कि बलरामपुर खदान में आज भी कोयले का पर्याप्त भंडार मौजूद है। खदान के बंद रहने से छोटे व्यापारियों और स्थानीय बाजारों पर भी इसका गहरा असर पड़ रहा है।



## प्रधानमंत्री आवास योजना के 24 हितग्राहियों को प्रदान किया गया भवन अनुज्ञा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

नगर पंचायत लखनपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है। नगर पंचायत लखनपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत नवीन स्वीकृत आवासों के 24 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रदान किया गया। जिसमें हितग्राहियों को आवास बनाने पर 2.50 लाख रुपये एवं 18 माह के भीतर आवास पूर्ण करने पर 32,850 रुपये अतिरिक्त की राशि प्रदान की जाएगी। समस्त बीएलसी घरो और 2.0 के निर्माणाधीन आवासों का नियमानुसार निर्माण करने पर शत प्रतिशत राशि भूगतान की जाएगी।

सौंपा ज्ञापन, 10 दिनों में सड़कों का नवीनीकरण नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# एनएच की जर्जर सड़क को लेकर युंका ने किया चक्काजाम और विरोध- प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के अंदर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों के नवीनीकरण और रिपेयरिंग की मांग को लेकर शुक्रवार को युवा कांग्रेस द्वारा देवीगंज रोड़ पर सांकेतिक चक्काजाम किया गया। अम्बिकापुर शहर के अंदर से गुजरने वाली मनेन्द्रगढ़ रोड़, देवीगंज रोड, सदर रोड, रामानुजगंज रोड, स्कूल रोड़, खरसिया रोड़ राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के रखरखाव के दायरे में आते हैं। जर्जर सड़क को लेकर देवीगंज रोड पर चित्रमन्दिर के सामने चक्काजाम आंदोलन का नेतृत्व कर रहे युकां विधानसभा अध्यक्ष शुभम जायसवाल के नेतृत्व में प्रदर्शन के दौरान जमकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

इस दौरान शुभम जायसवाल ने बताया कि पिछले 12 वर्ष से जबसे केंद्र में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी है तबसे न तो इन सड़कों का नवीनीकरण हुआ है न ही रिपेयरिंग का काम हुआ है। हाल ही में इन सड़कों के रिपेयरिंग का गुणवत्ता हीन कार्य हुआ था जो मात्र झाड़ू लगाने से उखड़ गया था। पूर्व में निगम में कांग्रेस सत्तारूढ़ थी तो निगम अपने खर्च से इन सड़कों को कम से कम इस योग्य रखती थी कि जनता को इससे ज्यादा परेशानी न हो लेकिन तथाकथित ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद इन सड़कों के गड्ढों में मलबा तक नहीं डाला गया। बरसात में इन सड़कों के पानी भरे गड्ढों ने नागरिकों को परेशान किया तो अब धूल-धूसरित सड़कें आम लोगों का स्वास्थ्य खराब कर रही है। बरसात के प्रारंभ से ही कांग्रेस और उसके अनुसांगिक संगठनों के द्वारा सड़कों के नवीनीकरण की मांग को लेकर 6 बार चक्काजाम एवं अन्य आंदोलन किये गए लेकिन नागरिकों की समस्याओं के प्रति भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार संवेदनहीन रवैया अख्तियार कर लिया। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार सड़कों का निर्माण करने के बजाय तारीख पे तारीख दे रही है। सांसद, विधायक और महापौर ने शहर की जनता को आश्वासन दिया था कि दीपावली के बाद 15 अक्टूबर से सड़कों का काम प्रारंभ होगा और शहर की सड़कों को चकाचक कर दिया जायेगा लेकिन 15 अक्टूबर की तारीख के तीन माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्य नहीं हुआ है। केंद्रीय सड़क और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को भेजे ज्ञापन में युवा कांग्रेस ने कहा है कि 10 दिनों के अंदर शहर की सड़कों का नवीनीकरण नहीं हुआ तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस दौरान चंद्रप्रकाश सिंह, निक्की खान, अमित सिन्हा, अमित सिंह सहित युवा कांग्रेस के राहुल सोनी, अनिकेत गुप्ता, शिफतैन, रोहन, अतुल, मनीष, रवि समीर, साहिल, अनुग्रह, आदित्य, मुकेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।




चक्कजाम करते युकांई।



# बॉर्डर 2 का ट्रेलर देख खड़े हुए रोंगटे, सनी के कायल हो गए फैंस

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर फैंस के बीच रिलीज से पहले ही क्रेज देखा जा रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आए तो फैंस काफी खुश हुए। बॉर्डर 2 के ट्रेलर में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स ऑफिसर के रूप में नजर आए। सभी की एक्टिंग की झलक ट्रेलर में देखने को मिली। लेकिन, फैंस को सबसे ज्यादा सनी देओल ही भाए। एक यूजर्स ने लिखा, 'सनी देओल स्क्रीन पर ईमानदारी से अभिनय करते हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सनी देओल की स्क्रीन प्रेजेंस सॉलिड है।'इसी तरह के कमेंट्स कई फैंस ने सनी देओल को लेकर किए। खास ट्रेलर में सनी देओल के कहे गए डायलॉग सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आए हैं। वहीं, कुछ लोगों को दिलजीत दोसांझ भी एयरफोर्स ऑफिसर के रोल में खूब जंचे। फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और अहान शेट्टी का अभिनय भी दर्शकों को पसंद आया। कुल मिलाकर सभी एक्टर्स, अपने-अपने किरदारों में खूब जमे हैं। फिर 'बॉर्डर' के फैंस रहे लोग, 'बॉर्डर 2' को लेकर एक्साइटेड हैं।

## लाइफ Style

# भूमि वेब सीरीज में दिखेगा बेखौफ अंदाज

मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर 'दलदल' सीरीज का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। इस क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में भूमि पेडनेकर का दमदार लुक देखकर फैंस सरप्राइज हो गए हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'दलदल' के फर्स्ट लुक पोस्टर के बाद शुक्रवार को निर्माताओं ने इसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया है। इसके टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। वेब सीरीज 'दलदल' के टीजर में भूमि पेडनेकर डीसीपी रीता फरेरा के रूप में एक क्रूर हत्यारे का पीछा करते हुए एक जोखिम भरे खेल में नजर आती हैं। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज मुंबई क्राइम ब्रांच की नवनियुक्त डीसीपी रीता फरेरा की कहानी बताती है, जिनका किरदार भूमि सतीश पेडनेकर ने निभाया है।

रीता फरेरा को एक बेरहम हत्यारे से लड़ते हुए अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। 'दलदल' सीरीज में भूमि पेडनेकर के अलावा समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'दलदल' का प्रीमियर 30 जनवरी को भारत में और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों में प्राइम वीडियो पर होगा। बेस्टसेलर किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित 'दलदल' को सुरेश त्रिवेनी ने लिखा है और विक्रम मल्होत्रा और त्रिवेनी ने प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है।



## हॉलीवुड मसाला




# जोई सल्डाना ने तोड़ा स्कारलेट जोहानसन का रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** 'अवतार' की नेत्री और एमसीयू की गमोरा ने नया इतिहास रचा है। जी हां, इन दोनों किरदारों को निभाने वाली जोई सल्डाना अब हॉलीवुड की सबसे अधिक कमाई करने वाली एक्टर बन गई हैं। उन्होंने स्कारलेट जोहानसन को पछाड़कर यह मुकाम पाया है। 47 साल की जोई को यह उपलब्धि उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर 'अवतारः फायर एंड ऐश' के कारण मिली है। जेम्स कैमरून की इस फिल्म ने एक्ट्रेस के पूरे कॅरियर के ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कमाई को $16.8 बिलियन यानी 151530 करोड़ रुपए के पार पहुंचा दिया है। साल 1999 में 'लॉ एंड ऑर्डर' टीवी सीरज से एक्टिंग कॅरियर शुरू करने वाली जोई को अब तक 1 ऑस्कर अवॉर्ड, एक बाफ्टा अवॉर्ड, एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड, एक सीएजी अवॉर्ड और एक कान फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड मिल चुके हैं। वह 'टाइम' मैगजीन की 2023 की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में जगह बना चुकी हैं।




# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए लाइव काउंटडाउन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** यदि आप मार्वल स्टूडियो और सुपरहीरोज के फैन हैं, तो आपको भी यूट्यूब पर स्क्रॉल करते हुए अचानक एक सरप्राइज मिला होगा! मार्वल स्टूडियो ने अपनी अगली रिलीज 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के लिए एक लाइव काउंटडाउन शुरू किया है। अभी इस फिल्म की रिलीज में पूरे 11 महीने की दूरी है। ऐसे में मन में सवाल उठता है कि फिर इतना लंबा काउंटडाउन क्यों? यकीनन, यह एक्साइटमेंट बढ़ाने वाला है, खासकर तब जब हजारो फैंस हर दिन कुछ ना कुछ देर तक इस काउंटडाउन पर घड़ी की 'टिक-टिक' की रहस्य जगाती आवाज सुन रहे हैं। अब फैंस की थ्योरी ये है कि फिल्म का टाइटल, डूम्सडे, सिर्फ डॉक्टर डूम के बारे में नहीं है। यह मार्वल यूनिवर्स के अंत का काउंटडाउन है। असल दुनिया में, 'डूम्सडे क्लॉक' जलवायु परिवर्तन, परमाणु युद्ध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कारकों से प्रभावित होती है। इसी तरह 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का काउंटडाउन, एमसीयू और इसके मल्टीवर्स के अंत का सूचक हो सकता है। हमने 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में इनकर्शन के बारे में सुना है।



# वीर से ब्रेकअप की खबरों के बीच पहली बार नजर आईं तारा

**मुंबई।** तारा सुतारिया इन दिनों अपने ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की खबरों के बीच अब पहली बार तारा सुतारिया नजर आईं। वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक बार फिर चर्चाओं में हैं। अक्सर अपने रोमांटिक पल और अफेयर को लेकर चर्चाओं में रहने वाला ये कपल, इस बार अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चाओं में हैं। पिछले लगभग एक हफ्ते से तारा और वीर के ब्रेकअप की खबरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। इस बीच वीर अकेले नजर भी आए और उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट भी साझा की। अब ब्रेकअप की रूमर्स के बीच पहली बार तारा सुतारिया पैप्स के कैमरे में कैद हुई हैं। अपनी फर्स्ट पब्लिक अपीयरेंस में तारा अकेली ही नजर आईं, उनके साथ वीर पहाड़िया इस बार नहीं दिखे। जिसके बाद दोनों के ब्रेकअप की खबरों को और भी बल मिलता है।



# दृश्यम 3 की शूटिंग शुरू इशिता ने शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई।** अजय देवगन की ऑनस्क्रीन बेटी इशिता दत्ता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'दृश्यम 3' के बारे में जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। शुक्रवार से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इशिता दत्ता ने इंस्टाग्राम पर 'दृश्यम 3' के सेट से दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर 'दृश्यम 3' के क्लैपबोर्ड की है और दूसरी तस्वीर में इशिता अपनी वैनिटी वैन के सामने खड़ी नजर आ रही है। इन तस्वीरों के साथ इशिता ने कैप्शन में लिखा, 'क्या मुझे और कुछ कहने की जरूरत है। फिल्म 'दृश्यम 3' में पहले फिल्म के स्टार्स नजर आएंगे, जिनमें अजय देवगन, इशिता, तब्बू और श्रिया सरन मुख्य भूमिका में दिखेंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर सीरीज का तीसरा और आखिरी हिस्सा होगा, जिसके लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# व्हील ऑफ फॉर्च्यूनः अक्षय लेकर आए पैसे कमाने का नया तरीका

**नई दिल्ली।** नए रियलिटी टीवी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो आ गया है, जो चर्चा बटोर रहा है। यह शो 27 जनवरी से शुरू होगा और इसे अक्षय कुमार होस्ट करते नजर आएंगे। अक्षय कई साल बाद टीवी पर बतौर होस्ट वापसी कर रहे हैं। साथ ही वह इस शो के जरिए दर्शकों के लिए नए तरीके से पैसे कमाने का मौका लेकर आए हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के प्रीमियर से पहले मेकर्स ने प्रोमो शेयर किया है, जिसमें अक्षय कुमार शो के फॉर्मेट के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो शुरू होता है तो अक्षय कुमार तीन कंटेस्टेंट्स के साथ बात करते नजर आते हैं। वह उनसे कहते हैं, 'मैं आप तीनों के लिए एक नई कैटिगरी लेकर आया हूं- पति पत्नी। फिर बजर टाइम का ऐलान करते हैं और व्हील ऑफ फॉर्च्यून दिखाते हैं। इसके बारे में अक्षय कहते हैं- स्पिन करो और विन करो। खास बात यह है कि अगर व्हील स्पिन करने पर नाग आ गया तो कंटेस्टेंट ने जितना भी पैसा जीता है, वह वापस चला जाएगा यानी कंटेस्टेंट से छिन जाएगा। प्रोमो में दिखाया गया है कि पहले कंटेस्टेंट को अक्षय कुमार एक पहेली सुलझाने का टास्क देते हैं। कंटेस्टेंट जो अक्षर बताता है, उसके साथ ही वह व्हील को घुमाता है। व्हील पर अलग-अलग रकम लिखी है और जहां-जिस रकम पर व्हील घूमने के बाद रुकेगा, उतनी रकम कंटेस्टेंट जीत जाएगा।


## लोगों ने पूछी काला नमक चावल की रेसिपी

**नई दिल्ली।** अर्चना पूरन सिंह एक बार फिर अपने नए व्लॉग को लेकर आ चुकी हैं। और इस बार उनके पति ही उनका मजाक उड़ाते नजर आए, वो भी शराब पीने को लेकर। अर्चना ने कहा कि कपिल शर्मा ने उनका नाम खराब किया है। फिर लोगों ने उनसे काला नमक चावल की रेसिपी पूछी। अर्चना पूरन सिंह अपने यूट्यूब चैनल पर 'आप का परिवार' नाम से एक नया व्लॉग लेकर वापस आ गई हैं। इस बार उनका पूरा परिवार घर पर साथ समय बिता रहा है और वे अपने रूटीन को कैमरे में कैद कर रहे हैं। व्लॉग के दौरान, अर्चना और उनके पति परमीत सेठी ने ब्रांड प्रमोशन और घर में कौन ज्यादा जगह घेरता है, जैसे मुद्दों पर मजेदार बातचीत की। डीडीएलजे एक्टर ने यह भी बताया कि एकता कपूर पर उनके खोए हुए अरमानी सूट के 2 लाख रुपए बकाया हैं। व्लॉग की शुरुआत में, सेठी परिवार ने एक साथ फुटबॉल मैच देखा, फिर वे अपने-अपने कामों में लग गए। अर्चना एक ब्रांड के साथ मीटिंग में शामिल हुईं, जिसका वे प्रचार करती हैं, और उन्होंने कहा, 'मीटिंग अच्छी रही।



# ओ रोमियो का पहला गाना रिलीज अरिजीत की आवाज ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** शाहिद कपूर की आगामी फिल्म ओ रोमियो का पहला गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। इसके साथ ही विशाल भारद्वाज और गुलजार की जोड़ी एक बार फिर लौटी है, वो भी अरिजीत सिंह की आवाज के साथ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर में इस गाने की एक लाइन सुनने के बाद से ही फैंस गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब शुक्रवार को मेकर्स ने ये गाना रिलीज कर दिया है। गाने में तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। ये जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आ रही है। लेकिन गाने में दोनों की केमिस्ट्री देखकर ऐसा लगता है कि ये जोड़ी दर्शकों को पसंद आ सकती है। गाने की शुरुआत में तृप्ति डिमरी का किरदार कहता है, 'कोई कैसे किसी से इतना प्यार कर सकता है?' गाने में प्यार, रोमांस, केयर और इमोशन सबकुछ देखने को मिलता है।



## तृप्ति-शाहिद की रोमांटिक केमिस्ट्री

*शाहिद का रफ लवर का लुक काफी जचता है। वहीं एक झलक अविनाश तिवारी की भी दिखती है। हमेशा की तरह इस बार भी विशाल भारद्वाज की फिल्म में संगीत उन्हीं का है और गाने को लिखा गुलजार ने ही है। इस गाने को आवाज दी है प्यार का पर्याय बन चुके अरिजीत सिंह ने। गाना स्लो-रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे आप सुनकर सुकून महसूस कर सकते हैं। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को वेलेंटाइन वीक में रिलीज होगी। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और फरीदा जलाल जैसे सितारे शामिल हैं। पिछले दिनों फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। अब दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।*

# ओटीटी पर इन फिल्मों और सीरीज ने दी दस्तक

### यह वीकएंड होगा बेहद खास, मस्ती से 120 बहादुर तक

**नई दिल्ली।** शुक्रवार 16 जनवरी को सिनेमाघरों में कई नई फिल्मों ने दस्तक दी है। मगर, इस कड़ाके की सर्दी में क्या आप घर बैठे ही कुछ शानदार देखना चाहते हैं? तो आपके वीकएंड को खास बनाने के लिए कई नई फिल्मों और सीरीज ने दस्तक दी है। सिनेमाघरों में इन दिनों बहार है। धुरंधर का खुमार अब तक उतरा नहीं है। वहीं, शुक्रवार को राहु केतु और हैप्पी पटेल जैसी फिल्मों ने भी दस्तक दी है। मगर, इस सर्द मौसम में अगर आप थिएटर जाने की बजाय घर बैठे ही कुछ रोमांचक देखना चाहते हैं तो ओटीटी के पिटारे में भी काफी कुछ खास है।

## मस्ती 4

लोकप्रिय फ्रेंजाईजी 'मस्ती' की चौथी कड़ी 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इसे 16 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा। इसमें रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी और विवेक ओबेरॉय जैसे सितारे हैं।



## 120 बहादुर

फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर बीते वर्ष नवंबर में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी और सितारों के अभिनय की काफी तारीफ हुई। अब सेना की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म आज शुक्रवार से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह फिल्म आप पूरे परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं।

## भा भा बा

फिल्म 'भा भा बा' का लुत्फ भी आप इस वीकएंड पर उठा सकते हैं। यह 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। बता दें कि फिल्म 18 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें दिलीप और मोहनलाल जैसे साउथ सितारे हैं।

## गुर्रम पापी रेड्डी और कलमकावल

साउथ फिल्म गुर्रम पापी रेड्डी भी लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। वहीं, ममूटी अभिनीत फिल्म कलमकावल भी 16 जनवरी से सोनी लिव पर स्ट्रीम हो गई है।

## तस्करी द स्मगलर वेब

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'तस्करी द स्मगलर वेब' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज 14 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। अगर आपने नहीं देखी है, तो इस वीकएंड इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें शरद केलकर, अमृता खानविलकर, नंदिश सिंह संधू, अनुराग सिन्हा और जोया अफरोज अहम भूमिकाओं में हैं।

## प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी थे खूब चर्चे

# ओपी को आशा से दिल लगाना पड़ा था भारी! लता से 36 का आंकड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओपी नैय्यर फिल्म इंडस्ट्री के वो चमकते सितारे थे जिनके जाने के बाद भी उनके काम की चर्चा आज तक होती है। केवल प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनके खूब चर्चे थे। आशा भोसले के साथ 14 साल के रिश्ते ने उनकी जिंदगी बदलकर रख दी। परिवार से तो दूर हुए ही। प्यार भी नसीब नहीं हुआ।

## सड़क पर फेंक दिया अवॉर्ड

सिराज खां ने इस बारे में कहा था, 'नैय्यर साहब अपनी कार से वापस लौट रहे थे। उनकी कार में गीतकार एसएच बिहारी बैठे हुए थे। सड़क पर उस समय सन्नाटा था। अचानक नैय्यर साहब ने कार का शीशा नीचा किया और वो ट्राफी फेंक दी जो एक खंभे से टकराई। आखिरी आवाज जो उन्होंने सुनी, जैसे कोई चीज चूरचूर हो जाती है। उन्होंने बगल में बैठे हुए बिहारी साहब से कहा कि ये जो आपने ट्रॉफी टूटने की आवाज सुनी, इसके साथ ही आशा इज आउट ऑफ माई लाइफ... फॉएवर।'

## शमशाद और गीता दत्त से कर लिया था किनारा

ओ पी नैय्यर को नजदीक से जानने वाले सिराज खां ने बातचीत में बताया था, 'मेरा ख्याल है इस तरह का रिश्ता बॉलीवुड क्या हॉलीवुड में भी नहीं हुआ है। उनकी प्रोफेशनल रिलेशनशिप रोमांस में बदल गई और 1958 से लेकर 1972 तक यानी 14 सालों तक उनका साथ रहा। ये बहुत गहरा साथ था। आप सोचिये एक शादीशुदा शख्स जिसके चार बच्चे हैं और एक तलाकशुदा महिला खुलेआम बंबई में घूमा करते थे।' नैय्यर साहब ने खुद भी इंटरव्यू में कहा था, 'ये तो सुना था कि लंव इज ब्लाइंड, लेकिन मेरे मामले में लव ब्लाइंड के अलावा डीफ यानी बहरा भी था क्योंकि आशा की आवाज के अलावा मैं और कोई आवाज सुन नहीं पाता था।' यही कारण था कि उन्होंने शमशाद बेगम और गीता दत्त से खुद को किनारे कर लिया था।



## 1952 में आसमान से कॅरियर किया शुरू

साल 1926 में लाहौर में जन्मे ओपी नैय्यर ने 1952 में 'आसमान' फिल्म से अपना कॅरियर शुरू किया, लेकिन उन्हें असली पहचान गुरु दत्त की फिल्मों से मिली। 'रिदम किंग' और 'ताल का बादशाह' कहे जाने वाले नैय्यर ने 'आर पार', 'मिस्टर एंड मिसेज 55', 'सीआई डी' और 'तुम सा नहीं देखा' जैसी फिल्मों के लिए काम किया और उनके काम ने उन्हें हर तरफ जगमगा दिया। जितनी उनके प्रोफेशनल लाइफ की चर्चा होती थी, उतनी ही पर्सनल लाइफ की भी। आशा भोसले के साथ उनके रिश्ते ने उनकी जिंदगी को झकझोरकर रख दिया। उसके बाद न तो वो अपने परिवार के रहे और न ही आशा भोसले के हो पाए। आशा भोसले को सुपरहिट बनाने का श्रेय अगर किसी को दिया जा सकता है तो वो थे ओपी नैय्यर। उन्होंने आशा की आवाज और रेंज का फायदा उठाते हुए उन्हें मौके दिलवाए। उन्हीं की वजह से आशा भोसले को उनकी पहचान मिली जो आज भी हर किसी के दिल में बनी हुई हैं।

## 14 साल तक चला रिश्ता

मशहूर संगीत इतिहासकार राजू भारतन अपनी किताब 'अ जर्नी डाउन मेमोरी लेन' में लिखते हैं, 'ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के प्रति प्यार इस हद तक था कि एक बार उन्होंने बिना कोई शब्द कहे गीता दत्त का फोन रख दिया था। गीता दत्त ने सिर्फ ये पूछने के लिए फोन किया था कि मैंने ऐसी क्या खता की कि अब आप मुझे गाने के लिए नहीं बुलाते? 'ये वही गीता दत्त थीं, जिन्होंने ओ पी नैय्यर की पहले पहल गुरु दत्त से सिफारिश की थी। ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के साथ रिश्ता 14 सालों तक चला। एक जमाने में ओ पी नैय्यर की कैडलक कार में घूमने वाली आशा भोंसले ने 1972 में इस रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया।'

## हमेशा के लिए बना ली दूरी

इसके बाद आशा भोसले और ओपी नैय्यर ने एक साथ कभी कहीं कदम नहीं रखा। लेकिन, इससे पहले उन्होंने 'प्राण जाए पर वचन न जाए' फिल्म के लिए एक गाना रिकॉर्ड किया, जिसे 1973 का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। आशा उस इवेंट में नहीं गई थीं। ओपी नैय्यर ने उनकी तरफ से अवॉर्ड लिया और घर वापस लौटते समय उन्होंने वो ट्रॉफी चलती कार से सड़क पर फेंक दी।

## खबर संक्षेप

### सर्वेश्वरी समूह ने बांटे कंबल-स्वेटर



**बैकुण्ठपुर।** दिवस विशेष के अवसर पर 17 जनवरी को श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा तलवापारा बैकुंठपुर के सदस्यों द्वारा डबरीपारा में असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल व स्वेटर का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से मानवता, करूणा एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में शाखा के सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

### जलाशयों का 10 वर्ष के लिए पट्टा देने की प्रक्रिया शुरू

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अंतर्गत आने वाले सिंचाई जलाशयों को मत्स्य पालन एवं मत्स्याखेट के लिए 10 वर्षों की अवधि के लिए पट्टे पर दिए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में जनपद पंचायत द्वारा आम सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार अमहर, चारपारा, बड़ेसाल्ही एवं अंजनी सिंचाई जलाशयों को अनुबंध की तिथि से आगामी आदेश तक पट्टे पर दिया जाएगा। इन जलाशयों का उपयोग मत्स्यपालन एवं मत्स्याखेट कार्य के लिए किया जाएगा।

### जन्मदिवस पर तय की 25 किमी पदयात्रा



**चिरमिरी।** जहां आज के दौर में जन्मदिवस का उत्सव सोशल मीडिया पर केक काटने और बधाइयों की तस्वीरें साझा करने तक सीमित होता जा रहा है, वहीं आस्था और संकल्प की एक प्रेरक मिसाल मंगलवार को देखने को मिली। पौड़ी निवासी एवं शिखा ज्वेलर्स, हल्दीबाड़ी के संचालक जयंत सोनी ने अपने जन्मदिवस को भक्ति और साधना के माध्यम से मनाते हुए एक विशेष संकल्प पूर्ण किया। अपने जन्मदिवस के अवसर पर जयंत सोनी ने सबसे पहले अपनी मां का पैर छूकर आशीर्वाद लिया फिर चिरमिरी पौड़ी स्थित अपने निज निवास से निकल चले समीप जीएम कॉम्प्लेक्स में स्थित श्री-श्री हनुमान मंदिर से सुबह 8 बजे पदयात्रा प्रारंभ की।

यातायात, साइबर, नशा मुक्ति, पाक्सो सहित अनेक विषयों पर विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

# यातायात में सबसे बड़ा जीवनदाता है सावधानी- रवि

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले में संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने मार्गदर्शन संस्थान शिक्षा महाविद्यालय एवं शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल पाण्डवपारा में विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यातायात में सबसे बड़ा जीवनदाता सावधानी है, जिसे अपनाकर ही दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने छात्रों से कहा कि वे अपने जीवन के महत्वपूर्ण पड़ाव पर हैं, जहां से उन्हें अपने भविष्य का मार्ग तय करना है। लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और अनुशासन के साथ कठिन परिश्रम कर सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने समय के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बीता हुआ समय वापस नहीं आता, केवल पछतावा शेष रह जाता है। एसपी श्री कुर्रे ने नशा मुक्ति पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नशा विनाश की जड़ है, इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं करना चाहिए। यदि परिवार या समाज में कोई नशे का शिकार है, तो उसे सही मार्ग पर लाने का प्रयास करें। साथ ही जिले में कहीं भी अवैध नशीले पदार्थों के विक्रय की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करने की अपील की, जिसमें सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।



### यातायात विभाग ने दी विस्तृत जानकारी

यातायात प्रभारी उप निरीक्षक बीरबल राजवाड़े ने राहगीर योजना एवं गुड सेमेरिटन योजना की जानकारी दी। वहीं हवलदार महेश मिश्रा ने यातायात नियमों, चिन्हों, ड्राइविंग लाइसेंस, दुर्घटना के कारण एवं दुर्घटना के समय चालक के कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। छात्रों को नाबालिग अवस्था में वाहन न चलाने तथा 18 वर्ष पूर्ण होने पर लाइसेंस बनवाकर ही वाहन चलाने की समझाइश दी गई। कार्यक्रम के दौरान यातायात के अनिवार्य, चेतावनी एवं सूचनात्मक संकेतों, चौराहा पार करने के नियम, ट्रैफिक सिग्नल, हाथों के संकेत, मोबाइल फोन के उपयोग से बचाव, तेज गति से वाहन न चलाने तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं एवं जुर्माने की जानकारी दी गई। अंत में छात्रों को जीवन भर यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मार्गदर्शन संस्था के संस्थापक निगमेन्द्र प्रताप सिंह, प्राचार्य श्रीमती अर्पणा सिंह, डीएवी पब्लिक स्कूल पाण्डवपारा के प्राचार्य पोषण लाल वर्मा, विद्यालयीन स्टाफ सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए

साइबर जागरूकता पर जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इससे बचने के लिए सोशल मीडिया का सीमित उपयोग करें, अज्ञात व्यक्तियों से संपर्क न करें, ओटीपी व पासवर्ड किसी से साझा न करें तथा फर्जी ई-मेल, अनजान लिंक, लॉटरी, कूपन और प्रलोभन देने वाले विज्ञापनों से दूर रहें। सड़क सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा में भी सहयोग करें। नाबालिग अवस्था में वाहन न चलाएं और हेलमेट, सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपायों को अनिवार्य रूप से अपनाएं।

# कांग्रेस संगठन में नई धार, युवाओं को सौंपी कमान

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए नवनियुक्त शहरी एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों का स्थानीय भगत सिंह तिराहे पर स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में संगठन की एकजुटता, युवाओं का जोश और आगामी संघर्षों की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष रोमा चटर्जी ने कहा कि कांग्रेस ने शहरी और ग्रामीण संगठन की कमान युवाओं को सौंपकर यह साफ कर दिया है कि पार्टी भविष्य की राजनीति युवाओं के कंधों पर खड़ी करना चाहती है। उन्होंने कहा कि धरातल पर संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को आगे लाकर कांग्रेस ने सही दिशा में कदम बढ़ाया है। पूर्व उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी ने कहा कि पार्टी युवाओं को तरजीह दे रही है, जिससे संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। आने वाले समय में राज्य और केन्द्र की जनविरोधी सरकार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य रफीक मेमन ने कहा कि शहर और गांव दोनों क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने का दायित्व युवाओं को सौंपा गया है और पार्टी उनके कार्यों को सम्मान भी दे रही है। वहीं युवा नेता व्यंकटेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर लगातार संघर्ष किया जा रहा है, जिसका लाभ पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों की ओर से सौरभ मिश्रा व अधिवक्ता रामनरेश पटेल ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह ने कहा कि कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ताओं को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलना कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरने वाला कदम है।




## पृष्ठ 1 का शेष

### 3 फरवरी को कलेक्टर...

होने से किसान कर्ज के दलदल में फंसते जा रहे हैं, इसके साथ ही साय सरकार द्वारा किसानों का रकबा काटे जाने से खेती पर सीधा असर पड़ा है, जिससे उत्पादन और आय दोनों प्रभावित हो रहे हैं। बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था की विफलता को लेकर भी सरकार को घेरा गया। कहा गया कि भाजपा सरकार न तो युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे पा रही है और न ही रोजगार के अवसर, जिससे पढ़ा-लिखा युवा हताश और बेरोजगार हो रहा है। जनपद अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि बिजली दरों में लगातार हो रही बढ़ोतरी का मुद्दा भी इस आम सभा में प्रमुखता से उठा। बढ़ी हुई बिजली दरों ने किसानों की सिंचाई लागत और ग्रामीण परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है, जिससे खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष यवत सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बिहारीलाल राजवाड़े, वरिष्ठ बंस गोपाल, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार राजवाड़े, गणेश राजवाड़े, विजय सिंह, अनिल जायसवाल विकाश श्रीवास्तव, वसीम अधिवक्ता, परेश सिंह, चांदनी सोनी, रमेश देवांगन, फरोग सिद्दीकी, सुजीत सोनी, संतोष गोयन, सौरभ सिंह, विजय चक्रधारी, रामकुमार यादव, अजीमुल्ला सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### हड़तालः शिक्षकों के...

ही नियुक्त थे, फिर भी पूर्व सेवा की गणना नहीं करना अनुचित है। उन्होंने मांग की कि प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर क्रमोन्नत वेतनमान एवं पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान किए जाएं। वर्ष 1998 से सेवा दे रहे शिक्षकों की यदि गणना केवल 2018 से की जाएगी, तो उन्हें पूर्ण पेंशन के स्थान पर मात्र 20-30 प्रतिशत पेंशन ही प्राप्त होगी, जो एक छलावा है।







